हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के **पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग** में नए पीएचडी शोधार्थियों के लिए अधिष्ठापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिष्ठापन कार्यक्रम में पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. सुमन शर्मा ने नए शोधार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और समस्त शोधार्थियों को शुभकामनाएं दी। अधिष्ठापन कार्यक्रम में विभाग के अध्यक्ष प्रो. आशीष नाग ने विभाग के कामकाज और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर विभाग में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. अरुण भाटिया ने नए शोधार्थियों को शोध के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी। विभाग के सहायक आचार्य डॉ. हरीश गौतम ने **विकसित भारत@2047** में शोध की भूमिका विषय पर अपने विचार रखे। सहायक आचार्य डॉ. अमरीक सिंह ने विभाग के समस्त नए शोधार्थियों को शोध के नियम और सिद्धांत विषय पर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर विभाग के सहायक आचार्य डॉ. देवाशीष साहू, डॉ. सुंदरारमन इत्यादि उपस्थित रहे।